अलग-अलग स्थानों पर फंदे से लटका मिला युवक और युवती का शव

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १० नवम्बर। जनपद के चिलुआताल और शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फंदे से लटका युवक और युवती का शव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार एक घटना में मुकामी पुलिस ने महिला सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि दूसरे की जांच की जा रही है। चिलुआताल के माधवपुर में मंगलवार को घर के अंदर युवक का शव फंदे से लटका मिला। मिली जानकारी के अनुसार माधवपुर निवासी अरविन्द निषाद अपने बेटे सागर निषाद (२१) और पत्नी सुभागी देवी के साथ रहते हैं,जबकि उनकी बेटी चांदनी की शादी हो चुकी है,वह क्षेत्र स्थित अपने ससुराल में रहती है। स्थानीय लोगों की माने तो दीपावली के दिन सागर निषाद का किसी बात को लेकर अपनी मां के साथ झगड़ा हो गया। विवाद के बाद सुभागी देवी बेटे से नाराज होकर अपने मायके चली गई, जबकि पिता अरविन्द भी किसी कारण पूरी रात घर नही आये। मंगलवार को सुबह ससुराल रहने वाली चांदनी भाईदूज का त्यौहार मनाने के लिए मायके पहुंची थी। चांदनी के अनुसार वह लगभग १२:१५ बजे जैसे ही घर में दाखिल हुई भाई को फंदे से लटका देखकर चीखते चिल्लाते बाहर निकल आई। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गये। बेटे की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची सुभागी देवी ने मामले को जमीनी विवाद से जोड़ते हुए बेटे की हत्या की आशंका जताई है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि युवक ने खुदकुशी किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की जानकारी मिल सकेगी। इसी क्रम में शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित एक फाइनेंस कम्पनी कार्यालय में शनिवार देररात पुलिस ने एक युवती का शव फंदे से लटकता हुआ बरामद किया है। मृतका उक्त कम्पनी में काम करती थी। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थानान्तर्गत तिनकोनिया नम्बर १ भटोलिया टोला निवासी राजमन राजभर के चार बेटिया और एक बेटा है। इलेक्ट्रिक वेल्डिंग का काम करने वाले राजमन की बड़ी बेटी निंकी राजभर (२०) घर से कुछ दूरी पर स्थित उत्कृष्टम फाइनेंस कम्पनी में काम करती थी। राजमन की पत्नी विमला देवी के अनुसार रिंकी प्रतिदिन शाम ७ बजे तक घर आ जाती थी। शनिवार को वह देररात तक घर नहीं लौटी तब वह कम्पनी कार्यालय पर पहुंची थी। जहां शटर आधा गिरा हुआ था। संदेह होने पर विमला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यालय के अंदर दुपट्टे से लटका युवती का शव बरामद किया था। मामले में परिजनों ने कम्पनी संचालक सूरज यादव पर हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग किया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को मोहल्ले की सड़क पर रखकर काफी हंगामा किया। घटना में पुलिस ने आज आरोपी सूरज यादव पुत्र राम विलास यादव निवासी जंगल रसूलपुर नं० २ थाना झगहां और नीलू राजभर निवासी जफर कालोनी थाना तिवारीपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

सड़क पर खड़ी कार में लगी आग

गोरखपुर, १० नवम्बर। शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर स्थित अमृत बिहार कालोनी में रविवार देररात सड़क पर खड़ी कार में आग लग गई। आसपास के लोग जबतक कुछ कर पाते उससे पहले ही कार धू-धू कर जलने लगी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन दल को दिया जिसपर मौके पर पहुंचे जवानों नेआग पर किसी तरह काबू पाया। आशंका जताई जा रही है कि देररात कहीं से जले पटाखे की चिंगारी आकर कार पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई।

गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की गोवर्धन पूजा

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १० नवम्बर। दीपावली के पंच दिवसीय महापर्व की श्रृंखला के महत्वपूर्ण पर्व गोवर्धन पूजा के पावन उपलक्ष्य में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। गोपूजन के बाद मुख्यमंत्री ने गोसेवा की और प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें हर हाल में गाय की रक्षा करनी है। साथ ही उसकी नस्ल सुधार की दिशा में भी आगे बढ़ते हुए हर पशुपालक को समृद्धि के पथ पर अग्रसर करना है। दीपावली के दिन रविवार से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोवर्धन पूजा की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन की प्रक्रिया पूर्ण की। गायों और गोवंश को माला पहनाई, तिलक लगाया और गोमाता का आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। गो पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने गायों और गोवंश को अपने हाथों से गुड़ और केला खिलाया। इस दौरान वह कई गायों और गोवंश को उनका नाम लेकर पुकारते रहे और उनके पास जाकर उन्हें खूब दुलार भी किया। गोवर्धन पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशवासियों और सभी गोपालकों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गो महत्ता को प्रतिष्ठित करने वाली परंपरा का निर्वहन करने के लिए उत्तर प्रदेश में सरकार 7,700 से अधिक गोशालाओं के माध्यम से निराश्रित गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक अभिनव कार्यक्रम चला रही है। इन गोशालाओं में 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश रह रहे हैं।



❖ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गो पूजन के बाद सीएम ने गायों-गोवंश को खिलाया गुड़-केला

पुलिस अश्वदल की शान 'योद्धा' का निधन, एसएसपी ने दी श्रद्धांजलि

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १० नवम्बर। जनपद पुलिस के अश्व दल की शान १९ वर्षीय अश्व 'योद्धा' का सोमवार को निधन हो गया। 'योद्धा' लगभग १३ वर्षों तक विभाग में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उसने कई महत्वपूर्ण आयोजनों और सुरक्षा व्यवस्थाओं में अपनी भूमिका निभाई। प्रयागराज कुंभ मेले में ड्यूटी के साथ ही श्री गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा, वीआईपी और वीवीआईपी ड्यूटी जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। उसके निधन पर घुड़सवार पुलिस दल के सदस्यों के साथ अधिकारियों ने भी दुःख प्रगट किया है। 'योद्धा' के निधन की सूचना पर पूरे पुलिस लाइन परिसर में पशु प्रेमियों में शोक का माहौल रहा। घटना की सूचना पर अश्वशाला पहुंचे एसएसपी डॉ कोस्तुभ सहित अन्य अधिकारियों ने अश्व योद्धा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जानकारी के अनुसार अश्व योद्धा वर्ष २०१३ में गोरखपुर पुलिस के अश्व दल में शामिल हुआ था।



मिट्टी के लेपन में अनेक रोगों के निवारण की क्षमता-डा. विमल मोदी

गोरखपुर, १० नवम्बर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती पर (नेचुरोपैथी डे),18 नवंबर के तहत गोरखपुर महानगर के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित आरोग्य मंदिर में 11 से 18 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक लोगों का निः शुल्क सर्वांग मिट्टी लेपन किया जाएगा। सर्वांग मिट्टी लेपन का कार्यक्रम लोगों के लिए पूरी तरह से निः शुल्क होगा। यह जानकारी आरोग्य मंदिर के निदेशक डॉ. विमल कुमार मोदी ने दी। उन्होंने बताया कि लोगों को अपने साथ नहाने के बाद पहनने के लिए एक कपड़ा तथा एक तौलिया ले आना होगा। यहां पर विशेषज्ञों की निगरानी में सर्वांग मिट्टी लेपन किया जाएगा। आरोग्य मंदिर के निदेशक डॉ. विमल कुमार मोदी ने सर्वांग मिट्टी लेपन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कई शारीरिक समस्याओं का अचूक उपचार है ,मिट्टी लेपन में अनेक रोगों के निवारण की अद्भुत क्षमता है। स्वास्थ्य,सौंदर्य और दीर्घायु होने का मिट्टी से प्रगाढ़ संबंध होता है ,इसके उपयोग से त्वचा नर्म,



लचीली,स्वस्थ, कोमल तथा चमकदार हो जाती है ,इससे शरीर से विजातीय तत्व बाहर आने लगते हैं, त्वचा के छिद्र भरपूर श्वास लेने लायक हो जाते हैं जिससे त्वचा के अनेक रोग जैसे चर्म रोग, दाद, खाज खुजली, फोड़े फुंसियां दूर हो जाते हैं। मिट्टी लेपन लगाकर स्नान करना एक अच्छा उबटन माना जाता है, इसके अलावा सर्वांग मिट्टी लेपन उच्च रक्तचाप ,नस नाड़ियों की कमजोरी, अनिद्रा, जोड़ों का दर्द समेत अन्य कई रोगों में लाभकारी सिद्ध होता है। शरीर पर कुछ समय मिट्टी लेपन करने से जो सुकून का अनुभव होता है ,वह दवा के लंबे कोर्स से भी नहीं मिलता। आरोग्य मंदिर के सह निदेशक डॉक्टर राहुल मोदी ने बताया की आरोग्य मंदिर पिछले 85 वर्षों से पूरी दुनिया को संदेश देता आ रहा है कि प्रकृति में सभी रोगों का इलाज संभव है, हम जितना ही प्रकृति के करीब जाते हैं उतना ही निरोगी रहते हैं। डॉक्टर राहुल मोदी ने सर्वांग मिट्टी लेपन के इस कार्यक्रम में गोरखपुर वासियों से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।



जैन मंदिर अलीनगर में आयोजित कार्यक्रम में आरती करते जैन समुदाय के लोग

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

गोरखपुर, १० नवम्बर। एम्स थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर चौकी के निकट जगदीशपुर बाजार में मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक ,आयोजन में पूरे गांव के पुरुष, महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार त्रिदेवा धाम मंदिर के निकट स्थित प्रतिष्ठित व्यवसायी सुभाष चंद्र जायसवाल के निज आवास पर इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान सुभाष चंद्र जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी मंजू देवी हैं। कलश यात्रा यजमान के आवास से आरंभ होकर त्रिदेवा धाम मंदिर, हनुमान मंदिर, काली मंदिर और भैरव बाबा के प्राचीन स्थान तक पहुँची। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र कलशों में जल भरा गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। आयोजकों ने बताया कि यह दिव्य कथा विश्व विख्यात बाल व्यास अमन शास्त्री के ओजस्वी मुखर से सुनाई जाएगी, जिसे सुनने के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। कलश यात्रा के दौरान बाजार और मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगदीशपुर चौकी प्रशासन का अत्यंत सराहनीय और सक्रिय सहयोग रहा।इस अवसर पर अवधेश जायसवाल, बृजेश जायसवाल, उमेश जायसवाल, निलेश जायसवाल और संत जायसवाल सहित परिवार के अन्य सदस्य व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



स्कूल जाने के बाद लापता हुई छात्रा, अपहरण का केस दर्ज

गोरखपुर, १० नवम्बर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल के लिए निकली कक्षा 11 की 16 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार लापता छात्रा की मां के अनुसार उनकी बेटी अक्षरा 6 नवंबर को प्रतिदिन की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। खोजबीन करने पर पता चला कि वह स्कूल जाने के बजाय अपनी सहेली के घर कैथवलिया गई थी। वहां से करीब एक घंटे बाद जगदीशपुर जाने की जानकारी मिली।

रामी आरती के गीतकार डा.फूलचन्द प्रसाद गुप्त का सम्मान

गोरखपुर,१०नवम्बर। गुरु श्रीगोरखनाथ रामी आरती समिति के तत्त्वावधान में रामी तट पर आयोजित दीपोत्सव के मंच से रामी आरती के गीतकार डा.फूलचन्द प्रसाद गुप्त को भाजपा महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्त और आरती समिति के अध्यक्ष उमेश अग्रहरि ने माल्यार्पण, रामनामी अंगवस्त्र और समृतिचिह्न प्रदान कर किया।यह आरती विगत पांच वर्षों से हर मंगलवार को गायी जाती है।इस आरती को लोकगायक राकेश श्रीवास्तव और प्रतिमा श्रीवास्तव ने स्वर दिया है और कन्हैया श्रीवास्तव ने संगीत से संवारा है।इस अवसर पर डा.फूलचन्द प्रसाद गुप्त ने कहा कि रामी मात्र नदी नहीं,यह जीवनदायिनी मां की तरह है,इसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही इस आरती का उद्देश्य है।



टेंपो में पीछे से स्विफ्ट डिजायर ने मारी टक्कर, टैम्पो चालक घायल

गोरखपुर, १० नवम्बर। झंगहा थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा चौराहे से आगे गहिरा पेट्रोल पंप के पास देसी शराब की पेटियों से लदे टेंपो में पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोतीराम प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस के अनुसार, टेंपो खोराबार से देसी शराब की पेटियां लेकर माईधिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान गहिरा पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक दीपक कुमार पुत्र रामप्यारे निवासी जमुनहिया, थाना खोराबार घायल हो गए।सूचना पर उपनिरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल चालक को एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोराबार पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया।टेंपो में लदी शराब की पेटियों के संबंध में शराब गोदाम के मैनेजर राकेश तिवारी को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद शराब की पेटियों को दूसरे वाहन से उनके निर्धारित गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण कार्यों के लंबित भुगतान जल्द कराये जायेंगे

गोरखपुर, १० नवम्बर। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं नियमित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह कहना है जल निगम ग्रामीण गोरखपुर के अधिशासी अभियन्ता अखिल आनंद का। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुके कार्यों के भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा सभी पात्र देयकों का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए।जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि जल जीवन मिशन केवल पेयजल आपूर्ति की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसके अंतर्गत कार्य करने वाली संस्थाओं एवं संबंधित हितधारकों के प्रति विभाग की जिम्मेदारी है कि पूर्ण एवं सत्यापित कार्यों का भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं वित्तीय अनुशासन का पूरा ध्यान रखा जाए। कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों और आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण करने के उपरांत पात्र देयकों के भुगतान जल्द करवाया जाये। अधिशासी अभियंता ने बताया कि विभाग के मंत्री ने जल जीवन मिशन एवं जल निगम (ग्रामीण) के अंतर्गत सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों से संबंधित लंबित बिलों की भी समीक्षा की। कहा कि जनजागरूकता गतिविधियां मिशन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए इनसे संबंधित प्रकरणों का भी समयबद्ध निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन शिकायत किसी ग्रामीण परिवार की अपेक्षा और आवश्यकता से जुड़ी होती है। इसलिए शिकायतों का समाधान संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ किया जाना चाहिए।जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के उपरांत सड़कों के पुनर्स्थापन का कार्य चरणबद्ध एवं अभियान के रूप में कराया जा रहा है। यह विभागीय समन्वय, नियमित निगरानी एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। रोड रेस्टोरेशन

♦ जनशिकायतों के समाधान में गुणवत्ता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर-अखिल आनंद

त्यौहार विशेष गाड़ी के संचलन अवधि में विस्तार

गोरखपुर, १० नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05080/05079 रामनगर-पाटलिपुत्र-रामनगर वाया गोरखपुर साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार किया गया है। फलस्वरूप 05080 रामनगर-पाटलिपुत्र साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 28 नवम्बर (शनिवार) को तथा 05079 पाटलिपुत्र-रामनगर साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 29 नवम्बर (रविवार) को एक अतिरिक्त फेरे के लिये चलाई जायेगी।

सीएम का निर्देश-जन समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ करें त्वरित समाधान

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १० नवम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं और तेज कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

मुख्यमंत्री जनता दर्शन के दौरान 125 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद चलकर पहुंचे, एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके प्रार्थना पत्र लिए। उन्होंने पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्चस्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दीं।



♦ जनता दर्शन में 125 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

समाजसेवी एसके शर्मा के पत्नी शोक

गोरखपुर, १० नवम्बर। जिस जिंदगी को बचाने के लिए परिवार ने हर संभव प्रयास किया, जिसके स्वस्थ होने की कामना में हजारों लोगों ने दुआएं और प्रार्थनाएं कीं, आखिरकार सोमवार की सुबह वह उम्मीद टूट गई। वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा की पत्नी फूलमाला शर्मा (43) के निधन की खबर से पूरा चौरीचौरा क्षेत्र स्तब्ध रह गया। जिसने भी यह दुखद समाचार सुना, वह कुछ पल के लिए विश्वास नहीं कर सका।

चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार बीते 25 अक्टूबर की देर रात अचानक ब्रेन हेमरेज होने से फूलमाला शर्मा की तबीयत गंभीर हो गई थी। इलाज के लिए उन्हें तत्काल लखनऊ के मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा था। पत्नी को बचाने के लिए एसके शर्मा ने चिकित्सकीय उपचार में कोई कसर नहीं छोड़ी। साथ ही पूजा-अर्चना और प्रार्थनाओं का भी सहारा लिया। उनके स्वस्थ होने की कामना में परिवार, रिश्तेदारों, परिचितों और क्षेत्र के हजारों लोगों ने दुआएं मांगी थीं। परिवार और शुभचिंतकों को उम्मीद थी कि वह बीमारी को मात देकर सकुशल घर लौटेंगी, लेकिन उनकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। शनिवार को चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल से घर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन उन्हें गोरखपुर लेकर आए, जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार जारी था। इसी बीच सोमवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ले ली। फूलमाला शर्मा के निधन की सूचना मिलते ही एसके शर्मा के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सोमवार सुबह 11 बजे गोरखपुर के राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

